भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4031

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

मैसूर-कुट्टा-पुरक्कट्टीरी (कोझिकोड) राजमार्ग

4031. श्री एम. के. राघवनः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग-766 पर रात में प्रतिबंध लगाए जाने के मद्देनजर मैसूर-कुट्टा-पुरक्कट्टीरी (कोझिकोड) राजमार्ग को 'विजन 2047' के अंतर्गत शामिल करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास नवम्बर, 2024 की स्थिति के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-66 कोझिकोड बाईपास परियोजना के निर्माण की प्रगति के संबंध में कोई आंकड़े हैं और यदि हां, तो इसके पूरा होने में लगने वाले संभावित समय सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग-66 कोझिकोड बाईपास में मालापरम्बा और थोंडायाडू जंक्शन के बीच सीडब्ल्यूआरडीएम-पानथ थाजम रोड पर प्रस्तावित फ्लाईओवर के निर्माण के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का विकास एक सतत प्रक्रिया है और सरकार भविष्य की मांगों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग/उच्च गति नेटवर्क का आकलन करने के लिए नियमित रूप से अध्ययन करती है। इन प्रयासों का उद्देश्य विभिन्न उद्देश्यों को प्राप्त करना है, जिसमें अंतर-राज्यीय संपर्क बढ़ाना और लॉजिस्टिक लागत को कम करना शामिल है। अभी, मैसूर-कुट्टा-पुरक्कट्टीरी (कोझीकोड) राजमार्ग के विकास का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) नवंबर 2024 तक एनएच-66 कोझीकोड बाईपास परियोजना के निर्माण पर 80% वास्तविक प्रगति हासिल की गई है। परियोजना को दिनांक 31.03.2025 तक पूरा किया जाना है।

(ग) भारत सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) के विकास/रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। सीडब्ल्यूआरडीएम- पनाथ थाजम सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं है।

*****